



स्कूल प्रबंधन समिति

# आदर्श स्कूल की ओर

SEHGAL
FOUNDATION


हम मिलकर
ग्रामीण भारत को
सशक्त बनाते हैं


# स्कूल प्रबंधन समिति

आर.टी.ई यानि बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की विशेष बात यह है कि स्कूल को अच्छे ढंग से चलाने के लिए स्कूल में अध्यापकों से मिलकर एक स्कूल प्रबंधन समिति (कमेटी) बनाई जाएगी। यह कमेटी स्कूल के सभी मामलों के लिए जिम्मेवार होगी। हमारे सब बच्चे पढ़े, उन सभी को अच्छी शिक्षा मिले, इसके लिए ज़रूरी है कि बच्चों के माता–पिता स्कूल को ठीक से चलाने के लिए व स्कूल के विकास में सक्रिय रूप से हिस्सा लें।

# ये लोग कौन हैं?









शिक्षा दुनिया को बदलने का सबसे ताकतवर हथियार है। एक पुलिस अधिकारी, एक डॉक्टर, एक अध्यापक! ये सब आप ही के क्षेत्र से सम्बन्ध रखते हैं!


# बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम क्या है?

- 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को उनके घर के नजदीक ही के स्कूल में कक्षा 1 से 8 तक की प्रारंभिक शिक्षा मिलेगी
- बच्चों को पढ़ाई के लिए कोई फीस नही देनी पड़ेगी
- स्कूल बीच में छोड़ चुके या कभी स्कूल न गए बच्चों को उनकी आयु के अनुसार ही कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा
- किसी भी बच्चे को 14 वर्ष के बाद भी अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने का अधिकार होगा. स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के माता–पिता व स्कूल के अध्यापकों से मिलकर एक स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया जाएगा
- यह समिति स्कूल को सुचारू रूप से संचालन के लिए आवश्यक कदम उठाएगी



# स्कूल प्रबंधन समिति की संरचना





स्कूल प्रबंधन समिति के दो मुख्य अंग होते हैं:

1. **स्कूल प्रबंधन समिति की आम सभा (नागरिक सभा) –**
   आम सभा में स्कूल में पढ़ रहे सभी बच्चों के माता/पिता व मुख्य अध्यापक सहित स्कूल में पढ़ा रहे सभी अध्यापक शामिल होते हैं.

2. **स्कूल प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी –**
   स्कूल प्रबंधन समिति की आम सभा (नागरिक सभा) अपने में से कार्यकारिणी के लिए 9,13 व 17 सदस्यों का चुनाव करती है.
   ये सदस्य अपने में से समिति के लिए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव करते हैं.

# स्कूल प्रबंधन समिति कार्यकारिणी

(13 सदस्यो की कार्यकारिणी)

| छात्र संख्या | माता/पिता सदस्य | मनोनीत सदस्य | कुल सदस्य(मुख्य अध्यापक सहित) |
|---|---|---|---|
| 1 से 300 | 9 | 3 | 12+1=13 |
| 301 से 500 | 13 | 3 | 16+1=17 |
| 501 से अधिक | 17 | 3 | 20+1=21 |

- 75% सदस्य स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक
- 25% मनोनीत सदस्य – अध्यापक (तीसरा हिस्सा), छात्र व शिक्षा शास्त्री (तीसरा हिस्सा), पंचायत सदस्य (तीसरा हिस्सा)
- कुल सदस्यो की आधी संख्या महिलाओं की होना जरूरी है




# स्कूल प्रबंधन समिति की आम सभा (नागरिक सभा) के कार्य

- वर्ष में तीन बैठकें – अगस्त, जनवरी, मार्च
- कोरम – कम से कम 50% सदस्य या 100 सदस्य
- कार्यकारिणी का वार्षिक बजट अनुमोदन करना
- कार्यकारिणी के कार्यों की समीक्षा करना
- स्कूल विकास हेतु जरूरी फंड जुटाना



# स्कूल प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी के कार्य

- 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का स्कूल में प्रवेश करवाना
- स्कूल के शिक्षकों की उपस्थिति पर निगरानी रखना
- देखना कि किसी भी समय शिक्षकों के स्वीकृत पदों के 10% से ज्यादा पद रिक्त न हों
- स्कूल में दी जा रही शिक्षा की गुणवता की जाँच करना




# स्कूल प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी के कार्य

- स्कूल का बजट बनाना
- स्कूल में आने वाले पैसै का हिसाब–किताब रखना
- स्कूल में चल रहे निर्माण व अन्य कार्यों की निगरानी रखना
- सरकार की तरफ से मिलने वाली पाठ्य पुस्तकें, बच्चों की वर्दी, शिक्षण सामग्री, व विभिन्न प्रोत्साहन राशियों की उचित समय पर उपलब्धि व बच्चों में वितरण सुनिश्चित करना



# स्कूल प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी के कार्य

- स्कूल में पीने के पानी का प्रबंध करना
- लड़के व लड़कियों के लिए अलग–अलग शौचालयों की व्यवस्था करना
- स्कूल में दी जाने वाली शिक्षा ठीक तरह से बिना किसी बाधा के चलती रहे ऐसी व्यवस्था करना
- समय समय पर स्कूल के बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच करवाना
- इस बात की निगरानी रखना कि उनके गाँव का कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे



# स्कूल के बच्चों के लिए दोपहर का खाना

- स्कूल में उपस्थित कक्षा 1 से 8 के सभी बच्चों को दोपहर का खाना दिया जाता है
- एक वर्ष में कम से कम 200 दिन खाना अवश्य दीया जाना चाहिए
- हर बच्चे को खाने से 40 केलोरी उर्जा व 12 ग्राम प्रोटीन मिलना चाहिए
- खाना पकाने की जिम्मेवारी गाँव के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सौंपी गई है
- 25 बच्चों पर एक महिला, 100 बच्चों पर दो महिलाऐं व 200 बच्चों पर तीन महिलाऐं रखी जाती है. इस कार्य के लिए एक महिला को रूपया 2500/– मासिक भत्ता मिलता है



# शिक्षा सेतू

हर एक माँ–बाप या बच्चे के अभिभावक के लिए बहुत जरुरी पत्र है। यह स्कूल की तरफ से हर एक बच्चे को दिया जाता है। इसमें बच्चे की पढ़ाई के बारे में नीचे लिखी जानकारियां होती हैं।

- बच्चा इस वर्ष हर विषय में क्या–क्या पढ़ना सीखेगा।
- बच्चे ने अब तक क्या–क्या पढ़ना सीखा है।

1. बच्चे को मिलने वाली छात्रवृति।
2. बच्चे को मुफ्त में मिलने वाली सामग्री जैसे स्कूल की वर्दी, किताबें इत्यादि।
3. बच्चे की पढ़ाई का स्तर क्या है।
4. छुट्टियों के बारे में जानकारी।
5. परीक्षा के बारे में जानकारी।
6. बच्चे के साथ कोई समस्या होने पर किससे सर्म्पक करे।

इसलिये हर माँ–बाप को बच्चे का शिक्षा सेतू जरूर–जरूर देखना चाहिये।

## बच्चे को पढ़ाई जाने वाली चीजें (पाठ्यक्रम)

## कक्षा 1

### गणित

| | |
|---|---|
| ज्यमिति: | शब्दावली, वर्गीकरण |
| संख्याएँ: | गिनती, अंको की पहचान, संख्याओं का ज्ञान, रोजमर्रा काम में आने वाला गणित व अनुमान |
| समय: | दो घटनाओं के बीच अंतराल |
| माप–तौल: | लम्बाई, भार, आयतन |

### हिंदी

| सुनना | बोलना | पढ़ना | लिखना | अध्यापक प्रतिक्रिया | व्याकरण | शब्दकोष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मौखिक निर्देशों का पालन करना | वर्णमाला तथा बीस तक गिनती बोलना | क्रम से वर्णमाला पढ़ सके | सीधी रेखाएँ, लेटी रेखाएँ, और वृत बनाएँ | मौखिक निर्देशों में कविताओं का प्रयोग किया जाए | वर्णमाला सुनना, पढ़ना और बोलना | आस–पास के सन्दर्भ के लिए 50 शब्दों से बच्चा परिचित हो |
| सरल कहानी सुनना | बिना मात्रा के 20 शब्द बोलना | 10 तक गिनती पढ़ सकना | वृत बनाएँ पूरा व आधा वृत | ड और ढ पर जोर/ध्यान (डमरू, ढक्कन) देकर ध्वनि का अंतर समझाएं | | |
| रोचक कविताएँ सुनना | 3 या 4 पंक्तियों की कविता बोलना | बिना मात्रा के 25 शब्दो का पढ़ना | | वृत को लड्डू बोल कर बनवाएं/आधी और पूरी रोटी बनवाएं | | |

**परिवेश अध्ययन:** घर, परिवार तथा विधालय के सम्बन्ध में जानकारी.

### English (अंग्रेजी)

| | |
|---|---|
| Vocabulary | Vocabulary 50 familiar words, 15 action words, 5 courtesy words |
| Listening | Follow simple instructions like stand, sit, show, jump etc in action |
| Speaking | Repeat simple sentences using Class-1 familiar words, Recite nursery rhymes aloud, Identification of classroom objects in English |
| Reading | Read and recognize alphabet aloud from A to Z |
| Writing | Draw sleeping lines, standing lines, draw circles and semi circles |
| Grammar focus | Familiarisation with " is, am, was, were, are", and Familiarisation with "this, that, these, those" |

# बच्चे को पढ़ाई जाने वाली चीजें (पाठ्यक्रम)

# कक्षा 2

## गणित

| | |
|---|---|
| ज्यमिति: | द्वि–आयामी तथा त्रि–आयामी आकृतियां, रेखा तथा कोण |
| संख्याएँ: | गिनती, अंको की पहचान, स्थानीय मान, तुलना, अंको व शब्दों के भेद एवं समस्या, अंश और हर, व्यवहार गणित और अनुमान |
| धन: | सिक्कों व रुपयों की पहचान |
| मापन: | लम्बाई भार व आयतन |

## हिंदी

| सुनना | बोलना | पढ़ना | लिखना | अध्यापक प्रतिक्रिया | व्याकरण | शब्दकोष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सरल मौखिक निर्देशों को समझना | 50 तक गिनती बोलना | शब्दों तथा छोटे वाक्यों को प्रवाह में बोलना | अक्षर व सरल शब्द देख कर लिख पाना | संज्ञा के हर शब्द लिंग के साथ (जहां संम्भ्व हो) | संज्ञा, रंग, अंक | 75 नए शब्दो का ज्ञान |
| दैनिक गतिविधियों को दो, चार वाक्यों में सुनना | वर्णमाला की मात्रा का उच्चारण करना | अर्थ समझ कर पढ़ना | मात्रा व बिना मात्रा वाले शब्द देख कर लिख पाना | इस वर्ग में बच्चों को सुनने के अतिरिक्त समझने पर भी ध्यान देना होगा | पशु–पक्षियों के नाम | |
| कहानी सुनना | वर्णमाला की ध्वनियों का उच्चारण करना | रंगो को पहचान कर पढ़ना | रंगो को पहचान कर लिखना | | सर्वनाम | |
| कविता सुनना | सभी व्यंजन और स्वरों को बोलना | | देख कर चित्र बनाना | | विशेषण और लिंग | |

**परिवेश–अध्ययन:** घर, परिवार, पड़ोस, विघ्यालय,
अपने गांव व शहर की जानकारी सहित पुस्तक में उल्लिखित पाठ्यक्रमानुसार ज्ञान.

## English (अंग्रेजी)

| | | |
|---|---|---|
| Vocabulary | 75 additional words related to school, home, and surroundings | 15 additional action verbs, 6 colors, 1-20 numbers in English |
| Listening | Follow simple instructions and directions | Understanding greetings and courtesy words. Repeat and perform nursery rhymes |
| Speaking | Repeat simple sentences using Class-1 and Class-2 familiar words | Recite nursery rhymes from memory.Make simple requests,Identification of classroom objects in English, Child talks about family, himself/ herself |
| Reading | Child associates the English word with picture and/or physical object | Read and recite three letter words aloud |
| Writing | Write alphabets from A to Z | Write three letter words (20-30 words), Dictation of alphabets and three letter words |
| Pedagogy issues | Spend one month on revision of class 1 work based on the revision module | Child should be taught 2 letters per week (both capital and small), class-2 words should be brought out in sentences and taught through pictures and physical objects (avoid abstract words) |
| Grammar focus | Familiarization with Pronouns- he, she, it, my, his, her | Familiarisation with adjectives- tall, short, sma ll, big, Singular and Plural |

# बच्चे को पढ़ाई जाने वाली चीजें (पाठ्यक्रम)

## कक्षा 3

### गणित

| | |
|---|---|
| ज्यमिति: | द्वि–आयामी तथा त्रि–आयामी आकृतियां, रेखा तथा कोण |
| संख्याएँ: | गिनती, अंको की पहचान, स्थानीय मान, तुलना, अंको व शब्दों के भेद एवं समस्या, अंश और हर, व्यवहार गणित और अनुमान |
| धन: | साधारण बिल तैयार करना |
| मापन: | लम्बाई भार व आयतन |
| आंकड़ो का प्रबंधन: | आंकड़ो का संग्रहन और चित्र द्वारा प्रदर्शन |
| पैटर्न: | सम और विषम संख्याओं की पहचान |

### हिंदी

| सुनना | बोलना | पढ़ना | लिखना | अध्यापक प्रतिक्रिया | व्याकरण | शब्दकोष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कहानी और कविता को सुनना, समझना और उत्तर देना | बोलते समय लिंग, वचन, आदि का सामजस्य रख पाना | 100 तक गिनती पढ़ना | 100 तक गिनती लिखना | शब्दों के सही उच्चारण पर ध्यान दिया जाए | द्वित्व अक्षरों जैसे द्व, द्ब आदि का ज्ञान | क्रिया विशेषण (कम से कम आठ) |
| क्या, कहाँ, कैसे, कब, क्यों वाले प्रश्नों का उत्तर देना | कहानी पढ़ कर उसके सार को स्पष्ट करना | 3–4 वाक्य की कहानी को जोर से पढ़ना | अक्षर और सरल शब्दों को सुनकर लिखना | सुनना, समझना दोनो अनिवार्य हैं | | क्रिया (आम प्रयोग की) |
| इकाई, दहाई, सैंकडों को सुनकर समझना | कहानी से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दे पाना | शब्दो का स्पष्ट उच्चारण तथा छोटी कहानियां पढ़ना | अक्षर और शब्द अपनी ओर से लिखना तथा उन्हें जोड़कर लिखना | अलग से एक कहानी की किताब (पूरक पुस्तक) हो | | 75 नये शब्द |

**परिवेश–अध्ययन:** सामाजिक परिवेश, स्थानीय प्रशासन, इतिहास, भूगोल एवं पर्यावरण सन्दर्भ में पाठ्य पुस्तक में उल्लिखित पाठ्यक्रमानुसार ज्ञान.

### English (अंग्रेजी)

| | | |
|---|---|---|
| Vocabulary | 75 additional words related to school, home and surroundings | 20 additional verbs<br>1-100 numbers in English |
| Listening | Follow longer instructions and directions | Understand simple stories and identify key ideas, perform and repeat nursery rhymes |
| Speaking | Guess the missing word in the sentence using Class-3 words, and missing letter in C3 words | Narrate simple stories |
| Reading | Repeat simple sentences aloud | Read and recite three words aloud |
| Writing | Write additional three to four letter words: 50 words | With simple sentences copying from blackboard, Write the missing words in the sentence, Dictation of three and four letter words C3 level |
| Pedagogy issues | Instruction to child to follow should be longer | |
| Grammar focus | Familiarisation with Pronoun-he, she, it , my, his, her | Familiarisation with Proposition – under, in, on, over, at |

# बच्चे को पढ़ाई जाने वाली चीजें (पाठ्यक्रम)

## कक्षा 4

### गणित

| | |
|---|---|
| ज्यामिति | द्वि–आयामी तथा त्रि–आयामी आकृतियाँ |
| संख्याएं | भिन्न, अंकों और शब्दों के भेद एंव समस्या, अंश और हर, व्यवहार गणित एंव अनुमान |
| धन | रूपये को पैसे तथा पैसे को रूपयों में बदलना |
| मापन | लंबाई, भार आयतन, समय |
| आंकड़ो का प्रबंधन | बार ग्राफ |
| पैटर्न | गुणा तथा भाग के पैटर्न की पहचान |

### हिन्दी

| सुनना | बोलना | पढ़ना | लिखना | अध्यापक प्रतिक्रिया | व्याकरण | शब्दकोष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लम्बी कहानियां व उनके सार सुनना | कहानियों का सार पढ़कर सुनाना | छोटी कहानी मन मे पढ़ना | वाक्य श्रुत लेख लिखना तथा 50 अंको तक गिनती लिखना | बच्चों को दैनिक क्रियाकलाप क्रम से सोचने, बोलने और लिखने का प्रयास करवाना | संबंध बोधक | 100 नये शब्द |
| | छोटी कविताएँ सुनना तथा परिचित परिस्थितियों का वर्णन करना | छोटी कविता पढ़ना | शब्दों को उपयुक्त दूरी व सीधी लाईन, में लिख पाना | | समुच्चय बोधक | |
| | स्वयं कहानी बनाना तथा दैनिक जीवन की घटनाओं पर प्रश्न कर सकना | पढ़ने के बाद प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ होना | स्वतंत्र मित्र बनाना | | विस्मयादिक बोधन | |
| नोट: पिछली कक्षाओं के कार्यो की पुनरावृति हर कक्षा में अपेक्षित है | | | | | | |

### English (अंग्रेजी)

| | | |
|---|---|---|
| Vocabulary | 100 additional words related to activities and life around | |
| Listening | Follow 4 instructions in sequential order, Understand longer stories and identify key ideas and morals | |
| Speaking | Perform role-plays, Narrate simple stories based on a given picture and otherwise, Produce oral text in a logical sequence | |
| Reading | Read story/paragraph aloud with punctuation | Read sentences silently, Read short stories silently and can narrate the short story afterwards. Read short stories silently and answer questions related to comprehension |
| Writing | Write additional three to four letter words. 50 words | Write small paragraph, Complete incomplete sentences, Dictation of three and four letter words Class 4 level |
| Pedagogy issues | Introduce imperative sentences through role plays and action | Familiarisation with Gender, Singular, plural, Punctuations, full stop, comma, capital letters |
| Grammar focus | Familiarisation with Pronouns-he, she, it, my, his, her | |

**परिवेश–अध्ययन:** सामाजिक परिवेश, स्थानीय प्रशासन, इतिहास, भूगोल, एंव पर्यावरण सन्दर्भ में पाठ्य पुस्तक में उल्लिखित पाठ्यक्रमानुसार ज्ञान.

# बच्चे को पढ़ाई जाने वाली चीजें (पाठ्यक्रम)

## कक्षा 5

### गणित

| | |
|---|---|
| ज्यामिति | शब्दावली, वर्गीकरण,द्वि–आयामी तथा त्रि–आयामी आकृतियाँ, रेखा तथा कोण |
| संख्याएं | गिनती, अंकों की पहचान, स्थानीय मान, तुलना, अंकों और शब्दों के भेद एवं समस्या, अंश और हर, व्यवहार गणित एवं अनुमान |
| समय | दो घटनाओं के बीच अंतराल |
| मापन | लम्बाई, भार, आयतन |
| आंकड़ों का प्रबंधन | तालिका, बार, ग्राफ,आंकड़ों का सचित्र प्रदर्शन |
| पैटर्न | वर्ग संख्या तथा धन संख्या में पैटर्न की पहचान |

### हिंदी

| बोलना | पढ़ना | लिखना | अध्यापक प्रतिक्रिया | व्याकरण | शब्दकोष |
|---|---|---|---|---|---|
| बोलते समय लिंग,वचन,आदि का सामजस्य रख पाना | गद्यांश और कहानी को मन में पढ़ना और कहानी को सुनना | 5 से 10 वाक्यों का अनुच्छेद लिखना | शुद्ध उच्चारण पर बल देना | पूर्ण विराम, अल्प विराम जैसे विराम चिन्हों का परिचय एंव प्रयोग | शब्दकोष, में से समानार्थक/ विपरीतार्थक शब्दों को समझना |
| कहानी पढ़कर उसके सार को स्पष्ट करना | रिक्त स्थानों की पूर्ति करना | | | | |
| कहानी से जुड़े प्रश्नों के उत्तर देना | स्वयं छोटी कहानी लिखना | | | | |

### English (अंग्रेजी)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Vocabulary | 100 additional words related to activities and life around | | |
| Listening | Understanding and narrate longer stories mentioning key ideas, Draw conclusion of the story | Understand and answer questions after story narration in class | |
| Speaking | Recite nursery rhymes from memory | Narrate simple stories based on picture, memory and imagination | |
| Reading | Read short story silently, and answer questions related to comprehension | Read short story silently and can narrate the story afterwards | |
| Writing | Start writing sentences using vocabulary learnt earlier | Dictation of simple sentences | |
| Pedagogy issues | Teacher to repeat a story minimum of three times before asking students | Emphasis on different levels of stories, introduce interrogative sentences through role-play and action | Introduce Exclamatory/optative sentences through acting |
| Grammar focus | Familiarisation with interjections-Wow! Hurrah! | Familiarisation with question(negative and positive) words-who, what, where, when, why | Familiarisation with comparison words-than |

**परिवेश–अध्ययन:** सामाजिक परिवेश,स्थानीय प्रशासन, इतिहास, भूगोल, एंव पर्यावरण सन्दर्भ में पाठ्य पुस्तक में उल्लिखित पाठ्यक्रमानुसार ज्ञान.

# बच्चे को पढ़ाई जाने वाली चीजें (पाठ्यक्रम)

## कक्षा 6

### गणित

| | |
|---|---|
| संख्याएं | संख्याएं, भिन्न, गुणनखंड, विभाजकता |
| ज्यामिति | ज्यामिति आकृतियाँ, इनका मापन व रचना |
| आंकड़ों का प्रबंधन | दंड आरेख, चित्र आरेख बनाना |
| क्षेत्रमिति | परिमाप और क्षेत्रफल |
| बीजगणित | चर, अचर, समीकरण और इनके हल |
| अनुपात और समानुपात | अनुपात, समानुपात, एकिक, नियम, और उनका प्रयोग |

### हिन्दी

वर्णमाला का ज्ञान, शब्दों को शुद्ध रूप में पढ़ना, लिखना व शब्दों से वाक्य बनाना, मौखिक व लिखित रूप में विचारों की सुस्पष्ट अभिव्यक्ति, गद्य व पद्य के अंतर को समझना तथा पद्य भाग की सप्रसंग व्याख्या करना, पत्र लेखन, सार लेखन, निबंध लेखन व डायरी लेखन की जानकारी होना. व्याकरण ज्ञान – वर्ण, शब्द, सरल वाक्य,विलोम शब्द, लिंग, वचन, काल की जानकारी, पूर्ण विराम, अर्ध–विराम, प्रश्नचिन्ह तथा विस्मयाबोधक चिन्ह की जानकारी.

### विज्ञान

गति व मापन की अवधारणाएं, प्रकाश का परावर्तन, विद्युत व चुम्बकत्व, पदार्थों का पृथक्करण तथा हमारे चारों और के परिवर्तन, भोजक की घटक, पौधों की जानकारी तथा जीवों में गति.

### सामाजिक विज्ञान

आदि मानव की खोज, प्रारम्भिक नगर, मोहनजोदड़ो तथा हड़प्पा,जैन धर्म, बौद्ध धर्म का प्रसार, अशोक एक महान सम्राट–कलिंग युद्ध के बाद जिसने युद्ध का त्याग किया, लौह स्तम्भ, ईंटों और पत्थरों की इमारतें स्तूप तथा मंदिर चित्रकला, विविधता, सरकार, स्थानीय स्वशासन–शहरी व ग्रामीण, गांव व शहर में आविजिका की जानकारी, मानचित्र और ग्लोब, अक्षांश तथा देशांतर रेखाएँ, पृथ्वी, गतियाँ, भूमंडल महाद्वीप जलमंडल, महासागर वायुमंडल, भारत की जलवायु वनस्पति तथा प्राणियों की जानकारी.

### संस्कृत

| | |
|---|---|
| श्रवण | कक्षा में अध्यापक द्वारा उच्चरित ध्वनियों को (श,ष,स) सुनकर उनकी पहचान करना, अध्यापक द्वारा क्रियापदों का उच्चारण सुनकर उच्चारण करना |
| भाषण | पाठ्यपुस्तक में आए सुभाषितो को कंठस्थ करके सुना सकेगा, संस्कृत में छोटे–छोटे सरल प्रश्नों के उत्तर दे सकेगा. |
| पठन | पाठ्यपुस्तक में आए सुभाषितों का शुद्ध वाचन कर सकेगा, संस्कृत के गद्यांशों का वाचन कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दे सकेगा. |

### English (अंग्रेजी)

| | |
|---|---|
| Vocabulary | 500-1000 words |
| Listening | To understand and enjoy stories, jokes, riddles, commands etc |
| Speaking | To be able to organize/ structure thoughts in speech, Role plays to understand individual/personal responses effectively |
| Reading | Reading aloud, uses his/her proficiency in English to explore and study other areas of knowledge |
| Writing | Narrate simple experiences, Letters/application, Simple Projects |

# बच्चे को पढ़ाई जाने वाली चीजें (पाठ्यक्रम)

## कक्षा 7

### गणित

| | |
|---|---|
| संख्याएँ | संख्याएँ और उन पर सक्रियाएँ और गुणधर्म |
| ज्यामिति | कोण, रेखा, त्रिभुज, सर्वागसम त्रिभुज, त्रिभुज की रचना, त्रिआयामी वस्तुएँ |
| आंकड़ों का प्रबंधन | माध्य, माध्यिका, बहुलक, आंकड़ों की तुलना और ग्राफीय निरूपण |
| क्षेत्रमिति | वर्ग, वृत का परिणाम और क्षेत्रफल एंव अनुप्रयोग |
| बीजगणित | घाट, बीजीय व्यंजक और इनका अनुप्रयोग |

### हिंदी

उच्चरण व वर्तनी का ज्ञान,शब्दकोष, विराम चिन्हों की जानकारी, गद्य व पद्य के अंतर को समझते हुए पद्य भाग की सप्रसंग व्याख्या करना,सरल, संयुक्त व मिश्र वाक्यों में स्पष्ट अभिव्यक्ति करना, कवि व लेखक परिचय, रचनात्मक वाक्यों के माध्यम से मौखिक व लिखित अभिव्यक्ति करना.

व्याकरण ज्ञान –पर्यायवाची, भिन्नार्थक, मुहावरे, संधि, संज्ञा, सर्वनाम तथा विशेषण पदों की जानकारी

### विज्ञान

गति,एंव प्रकाश की अवधारणा, विद्युत एंव उसके प्रभाव, अम्ल,क्षार एंव लवण की अवधारणा,भौतिक एंव रासायनिक परिवर्तन, भोजन के घटक, पोषण व श्वसन की परिभाषा व कार्य

### सामाजिक विज्ञान

इतिहासकार और उनके स्रोत्र, समय और इतिहास के कालखंडों की जानकारी, दिल्ली के शासक, मुग़ल सम्राट, मुगाक शासकों की इमारतें,नए नगर और व्यापारी, बदलता समाज, ईश्वर से अनुराग, परमेश्वर का विचार,दर्शन और भक्ति, नागपंथी, सिद्ध और योगी, इस्लाम और सूफी मत की जानकारी, भारतीय लोकतंत्र में समानता, राज्य सरकार, लिंग बोध, संचार माध्यम व विज्ञापनों से समझना तथा हमारे आसपास के बाजारों की जानकारी। प्राकृतिक एंव मानवीय पर्यावरण, पृथ्वी, वायुमंडल की संरचना, परिवहन एंव संचार आदि.

### संस्कृत

| | |
|---|---|
| श्रवण | सरल संस्कृत, गद्यांशों व पद्यांशों को सुनकर उनके अर्थ समझ सकेगा। सहपाठी एंव अध्यापक द्वारा प्रयुक्त संस्कृत कथनों को सुनकर तदनुरूप कार्य कर सकेगा |
| भाषण | संस्कृत में सरल प्रशनोत्तर कर सकेगा |
| पठन | संस्कृत के गद्यों एंव लघु कथाओं का शुद्वाचन कर सकेगा। संस्कृत पद्यों का उचित लय के साथ सस्वर वाचन कर सकेगा |

### English (अंग्रेजी)

| | |
|---|---|
| Vocabulary | 1000-1500 words |
| Listening | To understand, enjoy and appreciate stories, jokes, riddles, skits, themes etc. |
| Speaking | To develop production skills, to be able to organize/structure thoughts in speech |
| Reading | Reading aloud, Use his/her proficiency in English to explore and study other areas of knowledge, socio and cultural aspects |
| Writing | Narrate simple experience, Reporting events, Letters/Application, Paragraphs, Pair work, Group work, short assignments, Simple projects |

# बच्चे को पढ़ाई जाने वाली चीजें (पाठ्यक्रम)

## कक्षा 8

### गणित

| | |
|---|---|
| गणित | पूर्णांक, परिमेय संख्याएं तथा इनके गुण, विभाजकता, वर्ग, वर्गमूल, घन, घनमूल,प्रतिशत और अनुप्रयोग |
| ज्यामिति | बहुभुज, त्रिआयामी आकृतियाँ, बहुभुज के गुण, चतुर्भूजों की रचना |
| आंकड़ों का प्रबंधन | पाईग्राफ, रेखा चित्र, प्रायिकता और उनका अनुप्रयोग |
| क्षेत्रमिति | दो आयामी और त्रिआयामी आकृतियों का क्षेत्रफल और अनुप्रयोग |
| बीजगणित | रैखिक समीकरण,बीजगणित सर्व्सम्मिकएं और घातांक, गुणनखंड, बहुपदों की विभाजकता |

### हिंदी

मौखिक व लोकहित रुप में विचारों की स्पष्ट अभिव्यक्ति, कक्षा में सुनी गई बात को समझकर अपने शब्दों में व्यक्त करना, गद्य व पद्य के अंतर को समझते हुए पद्य भाग की सप्रसंग व्याख्या करना, कहानी, निबंध, बाल एकांकी को पढकर समझना व सार रूप में बतलाना, ज्ञान व बोध के प्रश्नों की समझ होना, कवि/लेखक परिचय पढकर पाठ के साथ सामंजस्य स्थापित करना।

व्याकरण ज्ञान– भाषा, लिपि, व्याकरण की विस्तरित जानकारी, विराम चिन्ह, विकारी पद, क्रिया एंव अविकारी पद.

### विज्ञान

बल व दाब की परिभाषा, विद्युत, प्रकाश तथा मानव नेत्र, धातु–अधातु, भौतिक एंव रासायनिक गुण, कोयला, पेट्रोलियम तथा पोलिमर का बोध, फसल, उत्पादन, एंव संवर्धन, सूक्ष्म जीव, कोशिका तथा जनन तंत्र की संरचना, मिटटी की संरचना एंव प्रकार.

### सामाजिक विज्ञान

तारीखें कितनी महत्वपूर्णहोती हैं, अवधियाँ कैसे तैय करते हैं, औपनिवेशिक क्या होता है, प्रशासन अभिलेख तैयार करना है, की जानकारी, ईस्ट इंडिया कम्पनी का आना, कम्पनी की फौज, ग्रामीण क्षेत्र पर शासन चलाना, 1857 की क्राति, उपनिवेशवाद और शहर, महिलाऐं जाती एंव सुधार,स्वतंत्रता के बाद, भारतीय संविधान की आवश्यकता व विशेषताएँ, कानूनों के निर्माण की समझ, न्यायपालिका, जनसुविधाओं व सामाजिक न्याय की समझ व जानकारी, भूमि मृदा, जल, प्राकृतिक वनस्पति की जानकारी, खनिज और शक्ति संसाधन कृषि, उद्योग, जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारक.

### संस्कृत

| | |
|---|---|
| श्रवण | सहपाठिओं एंव, अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रशनों का उत्तर संस्कृत में दे सकेगा,लधु नाट्याशों एंव कथाओं को सुनकर भाव ग्रहण कर सकेगा |
| भाषण | सहपाठिओं से छोटे एंव सरल प्रशन संस्कृत में पूछ सकेगा, संस्कृत की सरल लघु कथाओं का सारांश सरल संस्कृत में सुना सकेगा |
| पठन | उचित गति एंव शुद्धोच्चारण सहित संस्कृत गद्यांशों का वाचन कर सकेगा, उचित लय एंव गति के साथ निर्धारित श्लोकों का सस्वर वाचन कर सकेगा |

### English (अंग्रेजी)

| | |
|---|---|
| Vocabulary | 1500-2000 words |
| Listening | To understand the central idea in the text, commands, skits, Interpreting and appreciating topics |
| Speaking | Role paly, Dramatization, Conversation, Interpreting pictures, sketches, and cartoons |
| Reading | Use his/her proficiency in English to explore and study other areas of knowledge, Use language in different social context |
| Writing | Narrate simple experiences, Reporting events, messages, simple narrative, Paragraphs, stories, Short assignments |

## अब्राहम लिंकन द्वारा उनके बेटे के अध्यापक को लिखी गई चिट्ठी।

आदरणीय गुरुजी,

सभी आदमी न्यायप्रिय नहीं होते
नहीं होते सभी सत्यनिष्ठ
मेरा बेटा सीखेगा यह कभी-न-कभी।
मगर उसे यह भी सिखाइए:
दुनिया में हर बदमाश की तरह
होता है एक साधुचरित पुरुषोत्तम भी।
स्वार्थी राजनेता होते हैं दुनिया में जैसे,
होते हैं उसी तरह पूरी जिन्दगी निछावर करनेवाले नेता भी।
होते हैं घात में दुश्मन अगर
तो सहायक मित्र भी होते हैं।

मैं जानता हूं
सभी बातें झटपट नहीं सिखाते बनतीं...
फिर भी, हो सके तो उसके मन में जमाइए,
पसीना बहाकर कमाया हुआ एक पैसा तक
फोकट में मिले हंडे से ज्यादा मूल्यवान है।

सिखाइए उसे कैसे झेलते हैं हार
और सिखाइए, जीत की खुशी को संयम से मनाए।
अगर आपमें ताकत हो तो
उसे ईर्ष्या-द्वेष से दूर रहना सिखाइए;
सिखाइए उसे अपना हर्ष संयम से दिखाए।
कहना, गुंडों से मत डर जाना, क्योंकि
उन्हें झुकाना सबसे आसान होता है।

जितना बन पड़े दिखाया कीजिए उसे
पुस्तक-भंडार का अद्भुत वैभव,
पर साथ-ही-साथ
दीजिए उसके जी को जरा फुरसत
कि सृष्टि की सनातन सुंदरता महसूस कर पाए।
देख पाए वह
चिड़ियों की गगन उड़ान...
सुनहली धूप में मंडराते भौंरे...
और हरीभरी पहाड़ी की ढलान पर
झूमते नन्हे-नन्हे फूल।

पाठशाला में उसे सबक मिले:
बेईमानी से पाई सफलता से
सीधे-सीधे टकराई विफलता श्रेयस्कर है।

यह सिखाइए कि
अपने खयाल, अपनी सूझ-बूझ पर
पक्का विश्वास रखे वह,
भले ही सब लोग उसे गलत ठहराएं।
वह भलों के साथ भलाई बरते और
टेढ़ों को सबक सिखाए।

अगर मेरे बेटे के दिमाग में जमाते बने तो देखिए:
विजय के झंडे के नीचे खड़े होने को दौड़ती भीड़ में
शामिल न होने का साहस जुटाए।
और यह भी समझाइए उसे
कि सुने सबकी, हर एक की...
पर छान ले उसे सत्य की झलनी में,
और छिलका फेंककर
ग्रहण करे विशुद्ध सार।
बन पड़े तो उतारिए उसके मन में
हंसते रहो हृदय का दुख दबाकर।
कहिए कि आंसू बहाते शरमाए नहीं वह...
सिखाइए उसे,
ओछेपन को ओछा मानना
और चाटुकारी से सावधान रहना।

उसे पक्की-पूरी तरह समझाइए कि
खूब कमाई करे ताकत और अक्ल की लागत से,
लेकिन कभी भी न बेचे अपना हृदय, अपनी आत्मा।
धिक्कारती हुई आती है भीड़ अगर
तो अनदेखा करना सिखाइए उसे,
और लिखिए उसके हृदय पर
जो सत्य जान पड़े, न्यायोचित लगे
उसकी खातिर धरती में गड़ाकर पांव लड़ता रहे।

उसे ममता दीजिए मगर
लाड़ करके मत बिगाड़िए।
आग में जल-तपकर निकले बिना
लोहा मजबूत फौलाद नहीं बनता।
उसे आदत डालिए कि
अधीर होने का धीरज संजोए,
और धीरज से काम ले वह
अगर दिखानी हो बहादुरी...
हमें विश्वास चाहिए स्वयं का मजबूत
तभी जमेगी उदात्त श्रद्धा मनुष्य जाति के प्रति।

क्षमा कीजिए गुरुजी! मैं बहुत बोल रहा हूं,
बहुत कुछ मांग रहा हूं...
फिर भी देखिए... जितना बन सके, कीजिए जरूर।

मेरा बेटा
बहुत प्यारा बच्चा है, भाई!



विशेष:

## एस एम सहगल फाउंडेशन,

प्लाट नं–34, सेक्टर– 44, इन्स्टीट्यूशनल एरिया,
गुडगाँव–122003, हरियाणा, (भारत)
दूरभाश – +91 124 474 4100, फैक्स – +91 124 474 4132
Email: smsf@smsfoundation.org
website: www.smsfoundation.org


TREES FOR LIFE®

Trees for Life® INTERNATIONAL

यह पुस्तिका TREES FOR LIFE के वित्तीय सहयोग से तैयार की गई है।

SEHGAL FOUNDATION

# हम मिलकर
# ग्रामीण भारत को
# सशक्त बनाते हैं